भीम
BhIM

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर)
☎ चीवदम रू 0144.2730321ए 2730327ए 2980046 ⎙ रू 0144.2730321
मइेपजम रू ूततइउनदपअंबण्पद

क्रमांक : राऋभमवि/अल/Acad I /2023/ 1003 दिनांक : 04-08-2

प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक 04.08.2023 (शुक्रवार) का कार्यवाही विवरण :

आज दिनांक 04.08.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रबन्ध मंडल की बैठक माननीय कुलपति महोदय प्रो0 शील सिन्धु पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नवत माननीय सदस्य उपस्थित हुए :-

1. प्रो. शील सिन्धु पाण्डेय, माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष।
2. श्रीमती ज्योति मीणा, कुलसचिव एवं सदस्य सचिव।
3. श्रीमती साफिया जुबेर, माननीय विधान सभा सदस्य एवं राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
4. श्रीमती स्मिता मिश्रा, प्राचार्य एवं माननीय सदस्य।
5. प्रो. कनिका व्यास, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य (ऑनलाईन)
6. श्री हरमेश कसंल, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य (ऑनलाईन)
7. प्रो. सुशील कुमार सारस्वत, कुलाधिपति द्वारा नामित सदस्य।

प्रबन्ध मण्डल की बैठक मे माननीय सदस्यो द्वारा विचार विर्मश कर निम्नानुसार निर्णय लिए गए :

1. प्रबन्ध मण्डल के सदस्यो द्वारा गत बैठक की कार्यवाही विवरण की की पुष्टि की गई ।
2. अकादमिक परिषद् की बैठक दिनांक 01.07.2023 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई।
3. प्रबन्ध मण्डल के सभी माननीय सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में संचालित पीजी कक्षाओं का संचालन दिनांक 16.08.2023 से विश्वविद्यालय के ग्राम हल्दीना, मालाखेडा स्थित परिसर में किये जाने का निर्णय लिया गया।
4. इस स्वतंत्रता दिवस को झण्डारोहण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के ग्राम हल्दीना, मालाखेडा स्थित परिसर में किये जाने का निर्णय लिया गया।
5. विश्वविद्याल में सीधी भर्ती हेतु पूर्व में जारी विज्ञापन (वर्ष 2017 में प्रकाशित) को 4 वर्ष से अधिक समय हो जाने के कारण उसे निरस्त करते हुए राज्य सरकार के नियमानुसार नवीन विज्ञापन जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।
6. राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त नियमानुसार 'विद्या सम्बल योजना' के अन्तर्गत शिक्षण कार्य हेतु अतिथि शिक्षक लगाये जाने के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पीजी कोर्स में से अंग्रेजी विषय में रिक्त सीटों के लिए अतिथि शिक्षक लगाये जाने हेतु पुन: विज्ञापन जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।

7. विश्वविद्यालय में शैक्षणिक विभागों में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत पदों के विरूद्ध सेवा निवृत्त शिक्षकों को शिक्षण कार्य हेतु लगाये जाने के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।
8. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयो में सत्र 2023-24 से विद्यार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थित को अनिवार्य रूप से लागू किये जाने का निर्णय लिया गया।
9. परीक्षा केन्द्रों की निगारानी के लिए वहां स्थापित सीसीटीवी कैमरों का ऑनलाईन एक्सेस विश्वविद्यालय द्वारा लिया जाए ताकि परीक्षाओं का आयोजन निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से किया जाए। ऑनलाईन एक्सेस प्रदान करने वाले महाविद्यालयों को ही परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा।
10. प्रबन्ध मण्डल एवं माननीय कुलपति महोदय के स्तर की समितियों हेतु बैठक भत्ता रू. 5000/- प्रति बैठक किये जाने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया।
11. प्रबन्ध मण्डल की आगामी बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय के ग्राम हल्दीना, मालाखेडा स्थित नवीन भवन में किये जाने का निर्णय लिया गया।
12. विश्वविद्यालय के ग्राम हल्दीना स्थिति परिसर में सामान्य वृक्षारोपण के साथ ही लगभग 12 फीट ऊंचाई के वृक्ष संविधान पार्क, महाराजा भर्तृहरि उद्यान एवं मुख्य भवन के सामने पर्यावरण के दृष्टिकोण एवं विश्वविद्यालय के सौर्दयीकरण हेतु रोपित किये जाने का निर्णय लिया गया। वृक्षों की संख्या चर्चा उपरान्त निर्धारित की जाए।
13. विश्वविद्यालय के हल्दीना स्थित नवीन भवन में स्थापित होने के लिए मूलभूत आवश्यकताएं जैसे फर्नीचर, तकनीकी संसाधन, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर इत्यादि हेतु कोटा तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा तकमीना/टेण्डर डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है। आगामी निविदा जारी करने की कार्यवाही राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर द्वारा की जाएगी।

S Pandey
कुलपति

कुल सचिव

क्रमांक : राऋभमवि/अल/Acd-I/2023/ 1004-08 दिनांक : 04.08.23

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. प्रमुख सचिव, राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
2. श्रीमती साफिया जुबेर, माननीय विधान सभा सदस्य एवं राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
3. श्रीमती स्मिता मिश्रा, प्राचार्य एवं माननीय सदस्य।
4. प्रो. कनिका व्यास, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
5. श्री हरमेश कसंल, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
6. प्रो. सुशील कुमार सारस्वत, कुलाधिपति द्वारा नामित सदस्य।
7. वित्त नियंत्रक।
8. रक्षित पत्रावली।

कुल सचिव